Mr. Speaker: I repot the time table fixed by the Business Advisosry Committee in regard to various business, viz.,

"the Committee ment in the Chamber of the Speaker on Monday, the 5th May, 1975, at 5.00 p.m.

The Committee after some discussion, recommended that the business on the 6th May, 1975, be transacted at 2.00 P.M. as follows-

1. Questions Hour.
2. First Repot of the Business Advisory Committee.
3. Motion under Rule 16 regarding djournement of th Sabha Sine-die.

4. Papers to be laid on the Table of the House. (Two Notifications of the languages Department dated the 12th December, 1974 and 27th january, 1975).

5. Discussion on Reports.

6. Discussion on the Annual Report of the Haryana Financial Corporation for the year 1973-74. (Time allotted on hour).

7. Discussion on the Second Report of the Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes. (Time allotted on hour).

8. Discussion on the Eghth Report of the Public Accounts Committee for the year 1974-75. (Time allotted on hour).

Discussion on the Report of the Public Accounts Committee has been recommended as a special case and it would not form precedemnt for future.

Time limit for speeches to be fixed according to the strength of the party and the duration of the speech of a member will not exceed more than 10 minutes."

Home Minister (Sh. K.L. Poswal): Sir, I beg to move—

That this House agrees with the recommendations contained in the First Report of the Business Advisosry Committee.

Mr. Speaker: Motion moved—

That this House agrees with the recommendations contained in the First Report of the Business Advisosry Committee.

चौधरी राम लाल वधवा (करनाल): स्पीकर साहब, अर्ज यह है कि जो बिजनैस एडवाइजरी कमेटी ने रिपोर्ट दी है, उसमे आज साइने–डाई का मो ान भी आ गया है और अभी वह मो ान भी आ गया है कि हाउस आज साइने–डाई एडजर्न करने की आव यकता दिखाई नही देती। तीन इम्पौर्टेंट रिपोर्टस आज के एजण्डे पर आ गई है। एक ही रिपोर्ट जो यह पब्लिक उकाउन्टस कमेटी की है, यह इतनी इम्पोटैंट है कि इसकी अपनी एक बैकग्राउण्ड है जो सारे सदन को पता है। इसमे केवल हरियाणा ही इन्ट्रैस्टिड नही है बल्कि सारे दे ा के लोग इसके अन्दर इन्ट्रैस्टिड है। कम्प्ट्रोलर एंड आडिटर जनरल की रिपोर्ट आयी। उसको पी.ए.सी. के पास भेजा गया। उस पर डिस्क ान के लिये सिर्फ दो घण्टे का समय फिक्स किया गया है। दो घण्टे के अन्दर तो उसके एक चैप्टर के आधे सफे पर भी डिस्क ान नही हो सकती। 235 सफों की तो एक रिपोर्ट है और 223 सफों की एक दूसरी रिपोर्ट है और इसके साथ ही भौड्यूल्ड कास्ट कमेटी जो दो साल से काम कर रही है और जिसकी इतनी इम्पोटैंट रिपोर्ट है, उसके ऊपर भी डिस्क ान के लिए समय चाहिए। फिर, स्पीकर साहब, मैंने दो काल अटैं ान नोटिस अभी दिये। आपने हुकम फरमाया था.....(व्यवधान)

Mr. Speaker: No. Order please. Nothing about the Call Attention motion.

चौधरी राम लाल वधवाः क्योंकि आज अखिरी दिन है इसलिये स्पीकर साहब, मैं एक सबमि ान कर रहा हूं.....

Mr. Speaker: No, you cannot.

चौधरी राम लाल वधवाः स्पीकर साहब, मेरी प्रार्थना यह है कि.....

Mr. Speaker: Item on the agenda is the Report of the Business Advisory Committee.

चौधरी राम लाल वधवाः स्पीकर साहब, मेरी प्रार्थना यह है कि यह जो बिलनैस आज के लिये रखा गया है इसके अन्दर एक और मो ान भी मैंने दी हुई थी जोकि एडमिट हो चुकी है और सरकुलेट भी हो चुकी है। इसी रिपोर्ट के बारे मे ही मैंने एक मो ानदिया हुआ है जो एडमिटिड हैं वह बिलनैस एडवाइजरी कमेटी के नोटिस मे नही आयी। जनाब, उसको एउमिट कर चुके है.....।

Mr. Speaker: Order please. That has not been admitted.

चौधरी राम लाल वधवाः जनाब, मेरा विचार है एडमिटिड है। मैं नोटिस दे चुका हूं कि प्रोक्योरमैंट पालिसी का मो ान जो है, वह उढमिट कर लिया जाए और उसका नोटिस सरकुलेट हो चुका है। जो इनहोंने भेजा है, वह सरकुलेट होकर

मेरे पास आ गया है। इसलिये, स्पीकर साहब, उसके लिये भी टाईम अलाट होना चाहिए। मेरी प्रार्थना यह भी है कि दो रिपोर्ट आज ले ली जायें और यह पब्लिक अकाउंटस कमेटी वाली जो रिपोर्ट है, इस पर कल सारा दिन लगाया जाये ताकि इस पर ठीक ढंग से डिस्क ान हो सके। इसलिये में इस मो ान का विरोध करता हूं और प्रार्थना करता हूं कि साइने डाई की मो ान Adopt न की जाये।

Mr. Speaker: That motion has not been admitted and it is rejected Please send a copy of the notive which you are citing.

चौधरी राम लाल वधवा: जनाब, वह मैं देखकर बता दूंगा। मेरा ख्याल है (व्यवधान).....बहरहाल नोटिस मैंने दिया हुआ है।

मुख्य मंत्री (चौधरी बंसी लाल): आप इनसे वह मंगवा लें। अगर इनकी बात गलत हुई तो फिर हम भी ब्रीच आफ प्रिविलेज का मो ान देंगे। We will bring motion for the breach of privilege that he has given wrong information to the House.

चौधरी राम लाल वधवा: स्पीकर साहब, as far as I remember, वह मुझे मिला है। मुझे हाउस को मिस लीड करने की क्या जरूरत है? .....(व्यवधान) इसमे मिस लीड करने की क्या बात है? मैंने उसके बारे मे नोटिस दिया हुआ है.....और वह

डिस्क ान होना चाहिए। इसलिए मैं इस मो ान का विरोध करता हूं।

Mr. Speaker: Question is—

That this House agrees with the recommendations contained in the First Report of the Business Advisory Committee.

The motion was carried.

नियम 16 के अधीन प्रस्ताव

Home Minister (Sh. K.L. Poswal): Sir, I beg to move—

That theAssembly at its rising this day shall stand adjourned *Sine-die*.

Mr. Speaker: Motion moved—

That theAssembly at its rising this day shall stand adjourned *Sine-die*.

Mr. Speaker: Question is—

That theAssembly at its rising this day shall stand adjourned *Sine-die*.

मेज पर रखे गए कागज–पत्र

Education Minister (Sh. Maru Singh Malik): Sir, I beg to lay on the tbale on the House a copy each of the

following notifications as required under section 7 of the Haryana Official Language Act, 1969—

(i.) Education and Languages Department notification No 9674-Edu-LG-74/38571, dated the 12th December, 1974; and

(ii.) Education and Languages Department notification No 10000-Edu.1(3)-LG-74/3949, dated the 27th December, 1975; and

प्रतिवेदनों पर चर्चा

(i) हरियाणा वित्त–निगम का वार्शिक प्रतिवेदन

Chaudhri Ram Lal Wadhwa (Karnal): sir, I beg to move—

That the Annual Report of the Haryana Financial Corporation on the year 1973-74 be discussed.

मुख्य मंत्री (चौधरी बंसी लाल): स्पीकर साहब, मैं एक बात आपके थ्रू सबमिट करूंगा। यह बात पहले हो गयी थी कि टाईम की पाबन्दी होगी accordint to the strength of the party उसके ऊपर मेरी आपसे रिक्वैस्ट है कि उस पर स्टिक किया जाये। जिस पार्टी की जितनी स्ट्रैंथ है, उसी हिसाब से टाईम बांट कर दिया जाये।

चौधरी चांद रामः चीफ मिनिस्टर साहब ने बात तो ठीक कही है लेकिन अर्ज यह है कि कई एक बातें क्रिटीसिजम के तौर पर यह कंस्ट्रक्टिव क्रिटिसिजम के तौर पर अपोजी ान ही कहेगी.. .....

चौधरी बंसी लालः मैंने उसमें ''न'' करी थी। ..... (व्यवधान).....मैंने कहा था कि मैं इससे सहमत नही हूं।

Mr. Speaker. Order please. It was suggested in the last session by Chaudhri Chand Ram. You suggested in the last session that time whould be given according to the strength of the party and I agreed. Now it is the Report of the

Business Advisory Committee and this is a part of the Report and it has been adopted by the House. Now this hasx become the order of the House.

चौधरी चांद रामः स्पीकर साहब, मैं यह मानता हूं कि पार्टी के हिसाब से समय मिलना चाहिए लेकिन उसमे यह बात थी कि गवर्नमैंट के बीच और अपोजी ान पार्टीज के बीच एक डिवीजन होनी चाहिए। अपोजी ान को ज्यादा से ज्यादा टाईम मिलना चाहिए–

चौधरी बंसी लालः ट्रैजरी बैन्चिज वाले तो इलैक्टिड है ही नही, वे तो नौमिनेटिड है। इलैक्टिड तो अपोजी ान वाले ही है (हंसी) (व्यवधान)....।

चौधरी चांद रामः स्पीकर साहब, हर लैजिस्लेचर मे पार्लियामैंट मे, यही तरीका है कि अपोजी ान वालों को ज्यादा टाईम दिया जाता है। गवर्नमैंट की जो कमियां होती है उनको अपोजी ान वाले बता सकें इसलिए उनको ज्यादा टाईम मिलना चाहिए। .....(व्यवधान).....

Mr. Speaker: Motion moved—

That the Annual Report of the Haryana Financial Corporation for the year 1973-74 be discussed.

चौधरी राम लाल वधवा (करनाल): स्पीकर साहब, वेसे तो इस रिपोर्ट के अन्दर कोई आबजैक्ानेबल बात नही है। मैं नही चाहता कि इस रिपोर्ट पर बहुत ज्यादा डिटेल मे डिस्क ान

करूं क्योंकि इसमे से जो टाईम बचेगा मैं समझता हूं कि वह दूसरी रिपोर्ट पर डिस्क ान मे काम आएगा। मैं आ ाा करता हूं कि इस वक्त जितना मैं कम समय लूंगा दूसरी रिपोर्ट पर डिस्क ान के सयम मुझे ज्यादा टाईम दिया जाएगां स्पीकर साहअ, 1973.74 मे जो सैक ान्ज हुई है उनके बारे मे रिपोर्ट के पृश्ठ 5 पर लिखा है—

"In 1973-74, the Corporation established a new record by sanctioning a total financial assistance of Rs. 6,42,47,470 (Rupees Six crores forty tow lacs forty seven thousand four hundred and seventy) to 316 units as aganist Rs. 4,56,12,200 (Rupees four crores fifty six lacs twelve thousand and two hundred) to 303 units in the pevious year.

लेकिन स्पीकर साहब इसके साथ ही पेज 11 पर यह लिख दिया गया कि डिस्बर्समैंट 3 करोड़ 50 लाख 80 हजार रूपए हुई और यह रकम 244 यूनिटस को दी हुई है। (इस समय उपाध्यक्षा उदासीन हुई) इससे मालूम होता है कि जितनापैसा सैंक ान हुआ उससे आधा डिसबर्स हुआ। डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह इस कार्पोरे ान की कारकर्दगी है। ये पहले तो लोगों को, यूनिटस को डबल सैंक ान कर देते है और डिस्बर्समैंट के वक्त कम देते है, इसका रिजन इस रिपोर्ट मे हनी है। इस तरह से हम बैलैंस ाीट के वक्त कम देते है, इसका रीजन इस रिपोर्ट मे नही है। इस तरह से हम बैलैंस ाीट के वक्त कम देते है, इसका रीजन इस रिपोर्ट मे नही है। इस तरह से हम बैलैंस ाीब को

देखते है तो उसके अन्दर यह सारी जो लायबिलिटी और असैटस साईड दी हुई है उस सब का टोटल जब देखते है तो कोई रूपया नही बचता। मुझे समझ नही आया कि रूपया 3 करोड़ 50 लाख 80 हजार 280 था जो 6 करोड़ 42 लाख 47 हजार 470 रूपया सैक ान करने की क्या जरूरत थी? इस बात का करर्पोरे ान को ध्यान करना चाहिए। इस तरह से चूनिटस सफर करते है। पहले तो यूनिटस को प्रोत्साहन दे दें कि रूपया सैक ान हो गया और 31 मार्च को यह कहना कि इतना रूपया हमारे पास नही है यह ठीक नही है। इसके अन्दर प्रौफिट हुआ है यह यह एक अच्छी बात है क्योंकि रूपया देते है इंट्रैस्ट उसका आता है। मैं एक सुझाव दूंगा कि सरकार इतना ज्यादा टैक्स जनता पर लगाती है। इसके अन्दर रूपए की इनवैस्टमैंट की गई है। मैं यह सजैस्ट करूंगा कि टैक्से ान और लगाए बगैर इस तरीके से कारपोरे ान मे ज्यादा इन्वैस्टमैंट करके सूद के जरिए रूपया ले तो वह ज्यादा बेहतर होगा।

इसके साथ ही साथ स्माल स्केल यूनिटस को जो रूपया दिया जाताह ै मैं आ ा करता हूं कि उसकी ओर कारपोर ान और ज्यादा से ज्यादा देगी। मैं समझता हूं कि मैंने जो एक दो सजै ान दिए है। सरकार इनके इनके ऊपर ध्यान देगी। इसके साथ ही साथ जहां तक लोन देने का ताल्लुक है उसके अन्दर बहुत सी डिफिकल्टीज है। कई बार सिक्योंरिटी का चक्कर रहता है। कर्जा देने का जो तरीका है उसको सिम्पल करने

की जरूरत है। मैं डिटेल मे नही जाता क्योंकि समय कम है। जो समय दिया है वह पूरा नही हो सकता। मैं अपनी ओर से सरकार से कहूंगा कि इसको सिम्पल करने की कोि ा ा करे। इतना ही कह कर मैं समाप्त करता हूं।

उद्योग मंत्री (श्री हरपाल सिंह): मैडम डिप्टी स्पीकर साहिबा, हरियाणा फाइनैं ान कार्पोरे ान की 1973–74 की रिपोर्ट डिस्कस हो रही है और मुझे खु ाी है कि चौधरी राम लाल जी ने पहली बार यह तारीफ की है। आम तौर पर हमे ाा वह क्रिटिसाइज करते है। 1967 मे यह कार्पोरे ान बनी थी और उसके बाद से हर साल कार्पोरे ान ने अपने काम मे इम्पूवमैंट दिखाई है जिसका फैक्टस एंड फिगर्ज दिखने से पता लगता है। अभी चौधरी राम लाल ने कहा कि सैक ान ज्यादा कर देते है। लेकिन डिसबर्समैंट थोड़ी की जाती है। उसमे भी कार्पोरे ान के लिए यह प्रौबलम है कि जेसे किसी ने एप्लीके ान दी तो उसको प्रोसैस करने के बाद जब उसकी फार्मैलटीज देखते है कि ठीक है तो पैसा सैक ान कर देते है लेकिन सैक ान के साथ कुछ कंडी ान्ज होती है। कंडी ान्ज को बाद मे देखते है जैसे स्टेट वर्दीनैंस, उसकी जो स्कीम है, उसकी टैक्नीकैलिटी, उसकी प्रौफिटेबिलिटी, ये सार चीजे देखने के बाद सिक्योंरिटी देता है। उसकी टोटल असैटस देखनी पड़ती है। इन सारी बातो मे समय लग जाता है और उसके बाद उसका डिसबर्समैंट भाुरू होता है। इस प्रकार जितनी ऐप्लीके ान्ज सैक ान हुई यह जरूरी नही कि

सब को उतना ही डिसबर्समैंट हो सके। उसमे कई फारमेलिटीज पूरी नही कर सकते। हम सैक ान लिबरली कर देते है लेकिन डिसबर्समैंट करते वक्त हमें फाईनैंस देखना पड़ता है। वैसे हमारी इस कारपोरे ान ने बहुत कोि ा ा की है, सारे रिसोर्सिज टैप किए है। अभी पिछले साल 75 लाख रूपया गवर्नमैंट ने औरदिया हे और रिजर्व बैंक से 75 लाख रूपया दिया है और दूसरे इंस्टीटयू ान्ज से भी रूपया सक्योर करने की कोि ा ा कर रहे है ताकि हरियाणा की इंडस्ट्रीज को मैक्सीमम फायदा हो। स्माल स्केल यूनिटस के बारे मे जो सुझाव आया है, मे एग्री करता हूं। हम कोि ा ा कर रहे है कि कारपोरे ान मे जो डिले होती है उसकी सिम्प्लीफिके ान की जाए और लोगों को इतनी दिक्कत न हों स्माल स्केल यूनिटस के लिए कोि ा ा करेंगे कि ज्यादा से जयादा लोन दे। वैसे अभी मिनिमम लिमिट 10 हजार रूपए हैं अगर कोइ स्माल स्केल यूनिट 10 हजार रूपए तक ऐप्लाई करता है तो कारपोरे ान लोन दे सकती है और मैक्सीमम लिमिट तीस लाख तक की है। तो इस बात पर आइन्दा के लिये चौधरी राम लाल जी ने सरकार का ध्यान दिलाया है और हम इस बात की पूरी कोि ा ा करेंगे कि स्माल स्केल यूनिटस को ज्यादा से ज्यादा लोन दे सके। इस कारपोरे ान मे जितना काम हुआ है वह बड़ा ही सराहनीय हैं किसी भी दे ा मे, किसी भी स्टेट की कारपोरे ान से हमारी कारपोरे ान पीछे नही हैं सब से आगे है और इसने बहुत अच्छा कार्य किया है जिसके लिये हमे इसके

मैनेजिंग डायरैक्टर, चैयरमैन और स्टाफ को मुबारिकबाद देनी चाहिए।

(ii) अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के कल्याण संबंधी समिति का द्वितीय प्रतिवेदन

Chaudhri Ram Lal Wadhwa (Karnal): Madam, I beg to move—

That the Second Report of the Committee on the Welfare of Scheduled Casts and Scheduled Tribes be taken into consideration.

Deputy Speaker: Motion moved—

That the Second Report of the Committee on the Welfare of Scheduled Casts and Scheduled Tribes be taken into consideration.

चौधरी राम लाल वधवा (करनाल): डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस वक्त अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के कल्याण संबंधी समिति की रिपोर्ट इस सदन मे पे ा हुई है और इसको मैंने मूव किया है और यह जो कमेटी है यह पिछले दो सालों से काम करती चली आ रही है। मैं उन सम्माननीय सदस्यों को पूरा आदर करता हूं जोकि इस कमेटी के अन्दर है लेकिन मैं पूरे अदब के साथ उन से एक बात कहना चाहता हूं कि पिछले साल जो रिपोर्ट आई वह सिर्फ 7 सफे की है और इस साल जो रिपोर्ट पे ा की है वह सिर्फ 5 सफे की है।

उसके अन्दर पिछली बार गालिबन ती डिपार्टमैंटस को ही टच किया गया था और इस रिपोर्ट के अन्दर भी दो डिपार्टमैंटस को टच किया गया है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, पहले ही गवर्नमैंट आफ इंडिया ने इस बात की यह सजै ान दी थी कि अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के कल्याण संबंधी समिति बनाई जाए जोकि इन लोगों की भलाई के लिये काम करें ओर तेजी के साथ अस पर काम चालू किया जाए। तब इस सदन के अन्दर यह कमेटी बनाई गई। तो मैं इस कमेटी के सम्माननीय सदस्यों से प्रार्थना करूंगा कि यह जो वर्किंग की स्पीड है बड़ी स्लो है, क्योंकि पहले ही लोग बहुत पिछड़े हुए है उनको नौकिरयों आदि मे ऐवरेज नही मिल रही है और अगर एक ही साल मे केवल दो ही डिपार्टमैंट मे छानबीन कर पायेंगे तो मैं नही समझता कि यह कमैटी जिस मकसद के लिये बनाई गई है वह मकसद भी पूरा होगा या नही और अगर होगा तो कितने सैंकड़ो सालो के अन्दर होगा। इसके साथ साथ पिछली जो रिपोर्ट रखी गई है उसको मैंने अच्छी तरह से पढ़ा है, मेरी नजरों से वह गुजरी है और मैंने देख है कि उस रिपोर्ट के अन्दर कहीं पर भी यह जिक्र नही है कि कितनी बार साल के अन्दर इस कमेटी ने मीटिंगज की। इस तरीके से अगर लैंन्थी प्रोसीजर के साथ काम होगा तो इससे हरिजनों की भलाई होने वाली नही है। पहले साल के अन्दर कमेटी ने जो सरकार को रिकमैंडे ानज की थी उन पर सरकार ने क्या अमल किया है, इस बारे मे दूसरी रिपोर्ट मे कोइ जिक्र नही हैं मैं तो केवल इस नतीजे पर पहुंचा हूं, डिप्टी स्पीकर साहिबा, कि सरकार

ने इस कमेटी की रिकमैंडे ानज के ऊपर कोई गौर नही किया है, उसके ऊपर कोई अमल नही हुआ है, ऐस मुझे दिखाई देता है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, बाकी इन रिपोर्टस के अन्दर दो डिपार्टमैंटस को ही टच किया गया हे, उसमे एक पुलिस डिपार्टमैंट हैं पुलिस डिपार्टमैंट मे 7.76 परसैंट कम नौकरियां मिली हुई है। तो इन 27 सालों के अन्दर सरकार हरिजनों के लिये कुछ नही कर पाई। हरिजनों के लिये मकान चाहिए, जिसके लिये हो सकता है योजना बनानी पड़े लेकिन जो काम गवर्नमैंट के अपने हाथ मे है उसमे भी लोगों को पूरा हिस्सा नही मिल पा रहा है ओर जो हमारे पास रिपोर्टस आई है उन से हमें यह पता चलता है कि उन्हे नौकरियों मे भी पूरा हिस्सा नही मिल रहा । डिप्टी स्पीकर साहिबा, कितने दु:ख की बात है। रिपोर्ट मे लिखा है:—

".....The Committee further recommends that a date bound programme, after considering the said survey report, may be chalked out by theGovernment to improve the existing arrangements for water supply to Harijan Bastis and to make satisfactory arrangements to feed Harijan Bastis by contructing new wells and repairing the old ones whenever necessary."

आ हालत यह हे कि 27 साल के अन्दर भी सरकार हरिजनों की बस्तियों मे पीने के पानी का प्रबन्ध नही कर सकी। इम्पूवमैंट और वैलफेयर की बात तो अलग रही। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट के अन्दर यह भी नही लिखा कि कहां—कहां पानी की

जरूरत है और कहां पर पीने का पानी होना चाहिए। अगर यह रिपोर्ट मे लिखा होता तो सरकार भी उस पर अमल करती।

इससे आगे पोस्टों की रिजर्वे ान के बारे मे लिखा हुआ है:—

"The Committee feel that persons belonging to the Scheduled Castes andScheduled Tribes do not generally come up to the prescribed minimum standard laid down be the Govenment for recruitment to the H.C.S. posts in the State resulting in that the fixd quota of Scheduled Castes for such posts remains unfulfilled....."

श्री अमर सिंह: डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। इस पर बोलने के लिये सिर्फ एक घण्टे का टाईम दिया गया है ओर इस पर काफी आनरेबल मैंबर बोलना चाहेंगे क्योंकि भौडयूल्ड कास्ट मैंबर्ज भी इस मे बहुत इंट्रैस्ट रखते है। इसलिये मैं समझता हूं कि टाईम का ध्यान रखा जाए। अगर चौधरी राम लाल जी का टाईम फिक्स न किया गया तो कम से कम एक घण्टे तक तक तो ये बोलते रहैंगे। इसलिये मेरी यह प्रार्थना है कि टाईम का खास ध्यान रखा जाए।

Deputy Spaeker: He will speak only for then minutes.

चौधरी राम लाल वधवा : डिप्टी स्पीकर साहिबा, कमेटी ने इतनी ही रिकमैंण्डे ान कर दी।

"...The Committee recommend that the minimum standard in the case of such castes may be suitably relaxed."

तो डिप्टी स्पीकर साहिबा मिनिमम स्टैण्डर्ड को रिलैक्स करने के बारे मे कमेटी ने गवर्नमैंट को सिफारि ा की । अगर यह अपनी इस बारे मे कोई स्पैसिफिक रिकमैंडे ान कर देती कि क्या रिलैक्से ान होनी चाहिए तो बेहतर होता क्योंकि अगर गवर्नमैंट उस के मुताबिक रिलैक्से ान न करती तो हम कल को कह सकते थे कि गवर्नमैंट ने ऐसा नही किया। बस मे इतना ही कहते हुए आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया और साथ ही मे मैं यह प्रार्थना कंरूगा कि मेरे बहुत से भाई चूंकि बोलने के लिये उत्सुक है इसलिए आप उनको बोलने का टाईम दे दीजिए।

चौधरी दलसिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं चन्द मिलट ही इसके ऊपर कुद कहना चाहूंगा। इस कमेटी ने दो रिपोर्टस पे ा की हैं एक पहली रिपोर्ट और एक दूसरी रिपोर्ट । इन दोनों रिपोर्टस से पहले मैं यह कहना चाहता हूं कि हर आदमी हरिजनों से मुहब्बत रखता हैं आप अखबारों मे देख ले, रेडियों पर सुन ले, या तो हरिजनों की भलाई नजर आती है यह बुराई नजर आती है और हर रोज ये कहते है कि हरिजनो की भलाई होनी चाहिये और यह सरकार भी हरिजनों की भलाई का दम भरती है मगर पिछले 27 सालों मे यह देखने मे आया है कि हरिजनों की जो हालत आज से 27 साल पहले थी वही आज है।

श्री गिरी ा चंन्द्र जो ीः On a point of order. डिप्टी स्पीकर साहिबा, चौधरी दलसिंह भी इन 27 सालों मे सरकार मे रहे है। वे कितने साल सरकार मे रहे है वह भी गिन लें।

चौधरी दलसिंहः मैं गुजारि ा कर रहा था कि हरिजनों की जो हालत 27 साल पहले थी वही आज है। कितने दुःख की बात है कि हरिजन सारे दे ा के लिये अनाज पैदा करने के लिये काम करते है, सुबह से भााम तक मेहनत करते है, लेकिन खुद भूखे पेट रहते है। आज गरीब हरिजन के पांव मे जूती नही है, उसके तन पर कपड़ा नही है। और पीने के लिये पानी नही है और उनकी बहुत दर्दनाक हालत है। यह सरकार हरिजन से वोट लेती ळे और उसके वोट से यह सरकार बनाते है लेकिन यह सरकार हरिजनों की बात तक नही पूछती है। बड़ी लम्बी चौड़ी स्कीमे बना कर ऐलान करते है कि उनके लिये यह करेंगे वह करेंगे, यह देदेंगे वह देंदेंगे, लेकिन ईमानदारी की बात यह है कि हरिजनों की हालत मे कोई फर्क नही है। हरिजन बड़ी बड़ी आली ाान कोठियां बनाते है जिन कोठियों मे ये वजीर साहिबान रहते है लेकिन उनके अपने रहने के लिये कोई मकान नही। गरीब हरिजन मजदूर यह सारा अनाज लोड अनलोड करता है लेकिन उसके लिये अनाज नही यह हरिजनों की वफादार सरकार 105 रूपये क्विंटल गंदम खरीद करके आगे दो कदम के फासले पर सस्ते अनाज का फट्टा लगा कर वही गंदम हरिजन को 138 रूपये क्विंटल के भाव पर बेचती हैं इस सरकार की जो बाते है वे कहने

की और है ओर करने की और है। इनकी करनी और कथनी मे बहुत फर्क है। वरना कोई वजह नही कि सालों साल तक इतने बड़े–बड़े प्रोग्राम उनके लिये बनने के बावजूद उनकी हालत वैसी की वैसी रहे और सुधरे नही। 1972 मे इस सरकार की तरफ से ऐलान किया गया था कि हरिजनों को तीन महीने के अन्दर अन्दर जमीरन देंगे लेकिन आज तीन साल हो ये किसी को एक खूड जमीन भी नही मिली। मैं पूछना चाहता हूं सरकार के रास्ते में यह जमीन देने मे किसने रूकावट डाली है? यह जो सरकार की जमीन है, बीड़ की जमीन है, हमें खु ाी होगी अगर सरकार इन गरीब लोगों को इसे देगी। डिप्टी स्पीकर साहिबा, पांच लाख लोगो के जमीन के लिये ऐप्लीके ान्ज दी हैं अगर तीन रूपये कम से कम एक ऐप्लीके ान पर खर्चा लगाया जाये तो 15 लाख रूपया तो यह और पांच लाख लोगों की अगर एक दिन की दिहाड़ी पांच रूपये भी गिनी जाये तो 25 लाख रूपया यह और कुल मिला कर 40 लाख रूपये तो इन लोगो की जेब से निकल गये, लेकिन मिला कुछ नही और–

उपाध्यक्षाः आप रिपोर्ट पर ही बोले।

चौधरी दलसिंहः ये सारी चीजें रिपोर्ट मे है जो मैं कह रहा हूं । मैं अर्ज करता हूं कि बजाय हरिजनों को देने के उनके घर से 40 लाख रूपया निकलवा लिया इस सरकार ने। मैं इस सरकार की इस पालिसी को कण्डैम करता हूं । अब मैं आपको

कुछ फिगर्ज बताता हूं। यह जो पहली रिपोर्ट है इस के पेज एक पर ट्रांसपोर्ट डिपार्टमैंट के बारे में–

उपाध्यक्षाः इस वक्त पहली रिपोर्ट बंडर डिस्क ान नही, सैकंड रिपोर्ट अंडर डिस्क ान है, आप उस पर बोले।

चौधरी दलसिंहः मैं अर्ज करता हूं कि इस सरकार ने हरिजनों के लिये खास तौर से फैमिली प्लानिंग का प्रोग्राम चलाया हुआ है और इनको कहते है कि पहले नसबंदी कराओ फिर जमीन देंगे लेकिन हुआ क्या कि हजारों की नसबंदी तो कर दी लेकिन जमीन एक खूड भी उनको नही दी। यह कमेटी भी भौड्यूल्ड कास्टस की नसबंदी की ही बात कहती है और कहती है कि–

"The Committee feel that the concept of family planning has not caught the imagination of the people in large and those belonging to the weaker section of the society, namely the Scheduled Castes in particular.

The Committee recommend to the Government to take necessary steps without the loss of further time to shift the emphasis from urban to rural areas particularly those inhabited by persons belonging to the Scheduled Casts. The Committee feel that there is little awareness of the impact of population among the Scheduled Castes as a prerequisite for their economic betterment, necessary steps may be taken to bring home to them, through various media, various benefits

accruing to them if they adopt family planning as a way of life as without it their economic growth will be diluted."

यह सरकार ते कहती है कि भौडयूल्ड कास्टस की नसबंदी करो लेकिन यह कमेटी जो उनकी भलाई की बनाई थी वह भी यही बात कहती है कि इनकी नसबंदी करो। मैं कहना चाहता हूं कि इस किस्म की ज्यादती वीकर सैक ान्ज की साथ नही होनी चाहिए–

उपाध्यक्षाः आप दूसरी रिपोर्ट पर ही बोले जो कि अंडर डिस्क ान हैं आप इरैलेवेंट बोल रही है।

चौधरी दलसिंहः अच्छा जी, मैं दूसरी रिपोर्ट पर ही आ जाता हूं। तो मैं अर्ज करता हूं कि सैकंड रिपोर्ट मे पुलिस डिपार्टमैंट के बारे कुछ कफगर्ज दी गई है पेज दो पर । इस मे बताया गया है कि इन्सपैक्टर्ज आफ पुलिस की तादाद 87 है लेकिन हरिजन कोई भी नही है इनमे पी.एस. आइज क्लास तीन 51 और हरिजन सिर्फ पांच है जोकि 9 फीसदी बनते है हालांकि रिजर्वे ान के अनुसार 20 फीसदी होने चाहिए। फिर आप देखे सब इंस्पैक्टर्ज आफ पुलिस क्लास तीन 286 है और इन में हरिजनों के लिये 20 फीसदी रिजर्वे ान कर रखी हैं जो सरकार खुद रूल बना कर उनको तोड़ती है और अपने रूल्ज पर खुद अमल नही करती उससे आप कभी उम्मीद कर सकते है कि वह हरिजनों का भला करेगी? बिल्कुल नही। फिर आप आगे चले। ए. एस. आईज आफ पुलिस क्लास तीन के 435 है और हरिजन सिर्फ

इन मे 11 है जो बीस फीसदी कोई भी नही। यह हालत है जो हरिजनों की सर्विसिज मे हो रही है। महकमा वालो से कमेटी ने इस बारे मे पूछ ताछ की कि यह कमी क्यो है और क्यों नही उनका रिजर्वे ान के अनुसार कोटा पूरा किया तो जवाब मिलता है कि क्वालिफाईड आदमी नही मिलते है। लेकिन इस बारे मे मै। अर्ज करता हूं कि आज से कुद महीने पहले की बात है कि ए.एस. आईज की पोस्टस के लिये इंट्रव्यू हुआ था और कई हरिजन लड़के मैरिट लिस्टर पर है। (घंटी) बस जी, मै जल्दी ही खत्म करता हूं। अम मैं रैवेन्यु डिपार्टमैंट पर आता हूं। इसके बारे मे भी इसी तरह से फिगर्ज दी हुई है। क्लास दो के 16 एम्पलाईज मे हरिजन केवल एक ही है जोकि 6 परसैंट बनता है। क्लास तीन एम्पलाईज की तादाद 303 है जिन मे हरिजन सिर्फ 25 है जोकि आठ परसैंट बनते है बीस परसैंट के मुकाबले मे। इसी तरह आप देखे क्लर्क की परसैंटेज, नीचे के लैवल के क्लास तीन के जो एम्पलाईज है, वे 18 है। जब महकमा वालों से इस बारे मे पूछा गया तो जो जवाब उन्होनें दिया वह इस रिपोर्ट के अन्दर लिखा है:—

"The Departmental representative stated in their written reply that promotion to non-gazetted posts of Deputy Superintendents etc. is made on the basis of seniority cum-fitness and hence no reservation is made."

कहते है कि फिटनैस भी देखेंगे। लेकिन मै पूछता हूं कि जिन लोगो के पास खाने को रोटी नही उनकी फिटनैंस कहां

से होगी ? यह सरकार खुद कहती है कि आज 66 परसैंअ आबादी हिनदुसतान की एक समय रोटी खाती है और 40 परसैंट लोग बिलों पावर्टी लाइन रहते है। तो ऐसे हालात मे इन गरीबों मे फिटनैस कहा से आयेगी ? यह तो सारी बहाने बाजी है। (घंटी) चलो जी मैं और लिस्ट छोड़ देता हूं, चपड़ासियों की बात ही करता हूं, क्योंकि लिस्ट बहुत लम्बी है। यह अपैंडिक्स एक मे आप देखे जमादार हरिजन इनको एक ही मिला, चौकीदार इनको भौडयूल्ड कास्टस का कोई रखने के लिये मिला ही नही। वाटर कैरियर भी इनको कोठ नही मिला। मैं पूछता हूं कि जमादार, चौकीदार और खलासी वगैरा के लिये कौन सी स्पै ाल क्वालिफिके ान की जरूरत थी जो इन पोस्टस के लिये कोई भी हरिजन आपको नही मिला? यह बड़ी अजीब कहानी है, मैं क्या कहूं?

Deputy Speaker: Please wind up, your time is over. It is one hour's discussion only.

चौधरी दलसिंहः मैं नौकरियों के लिए थोड़ी सी सजै ान देना चाहता हूं, थोड़ा सा टाईम दे दें । (घंटी)

Deputy Speaker: No, Please resume your seat. You have taken two minutes more. (Bell).

चौधरी दलसिंहः जब तक हरिजनो की तादाद उनकी रिजर्वे ान के मुताबिक पूरी न हो जब एक दूसरे लोगों को नौकरी पर न लगाया जाए..... (घंटी)

Deputy Speaker: No discussion, time is over.

चौधरी दलसिंहः मेरे साथ क्यों ज्यादती हो रही है..... ....(व्यवधान) (घंटी) मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि हरिजनों के लिए चौपाले बनाई जाएं, पीने के पानी का बन्दोबस्त किया जाए और नसबंदी न किया जाए। आपने मुझे टाईम दिया है, इसके लिए धन्यवाद।

श्री गिरी ा चन्द्र जो ी (यमुनानगर): उपाध्यक्ष महोदया, मेरे जो दोस्त विरोधी पक्ष की तरफ से बोले है, वे इस कमेटी को नही समझ पाए कि यह कमेटी किस मकसद के लिए बनी थी। यह इस लिए बनी थी कि हरिजनों की तकलीफे क्या है, उनकी पोजीशन क्या है, हरिजन कैसे रहते है, उनके रहने का ढंग क्या है, उनको क्या सहूलते मिलती है, यह जानकारी प्राप्त करने के लिए इस कमेटी का गठन किया गया हैं कमेटी ने अपनी रिपोर्ट पे ा की है। कमेटी ने रिपोर्ट मे जो सिफारि ाात की है उस पर सरकार ने आगे कार्यवाही करनी है, वह अपने वक्त की बात है, एक तरकीब है जिस पर गवर्नमैंट ने कार्यवाही करनी है। लेकिन आज हमारे पास वे आंकड़े नही है, किस आधार पर इस वर्ग के लिए भलाई के कार्य कर सकते है। रैवेन्यू मिनिस्टर ने हरिजनों को मकानो के बारे मे, जमीन के बारे मे बताया कि 31 मई तक 8 जिलों मे सौ सौ वर्ग गज जमीन के प्लाट हरिजनों को, बैकवर्ड क्लासिज के लोगों को जिनके पास घर बनाने के लिए जमीन नही है उन के लिये सरकार जमीन मुहैया कर देगी। उसके बाद जब

उनके पास जमीन हो जायेगी तो जाहिर है कि उनके मकान भी बनेंगे। यह सारी चीज हरिजनों और बैकवर्ड क्लासिज के लिये की जा रही है। कमेटी की रिपोर्ट, जो डिस्क ान मे आई है, उसका मकसद यही है कि कमेटी ने कारगुजारी की है और अपने सुझाव रखे है जिन की बिना पर सरकार उचित कदम उठाएगी ताकि हरिजन लोगो की जरूरतो को पूरा कर सके। कमेटी की नुक्ताचीनी करने की बात उचित नही है । विरोधी दल ने नुक्ताचीनी करने का धंधा बना लिया है, कोई कंस्ट्रटिव तरीके की बात नही करते। अपोजी ान के कई भाई जो इस पदवी पर रह चुके है, मैं उन से पूछता हूं कि जब वे इस पदवी पर थे और हरिजनों के लिए उनके दिली मे दर्द था तो उस वक्त उन्होंने क्या क्या काम किए थे ? आज यह कारगुजारी की जा रही है कि गवर्नमैंट ने 31 मई तक 8 जिलों मे सौ सौ वर्ग गज के प्लाट हरिजनों को मकान बनाने के लिए देने का निर्णय किया है। जो साहिबान पहले बरसरे इक्तदार थे, चाहे चौधरी चांद राम थे, चाहे चौधरी दलसिंह थे, इनसे पहले चौधरी देवी लाल थे जो बहुत, पुराने पालियामैंटेरियन रह चुके है, पंजाब मे सरदार प्रताप सिंह कैरों के टाईम मे रह चुके है इन सब साहिबान ने हरिजनों के लिए क्या किया ? चौधरी रिजक राम है, ये हरिजनों के नेता है, इन्होंने क्या कुछ किया ? जिस मकसद के लिए रिपोर्ट सदन के सामने रखी गई है उस पर तो इन्होंने कुछ कहा ही नही, एक सियासी अखाड़ा बना दिया.....

चौधरी रिजक रामः On a point of order, Madam. मैं तो एक लफ्ज भी नही बोला है। मेरे बारे मे किस आधार पर बोल रहे है ..... (व्यवधान) मैंने इनके बारे मे कोई बात नही कही। (व्यवधान)

Deputy Speaker: No interruptions. Please resume your seat.

चौधरी रिजक रामः ये पढ़ कर भी आये है यह ऐसे ही बोलना भुरू कर दिया?

चौधरी दलसिंहः क्या यह रिपोर्ट डिस्कस हो रही है या चौधरी देवी लाल या रिजक राम डिस्कस हो रहे है? हमने तो रिपोर्ट को कंडैम ही नही किया, रिपोर्ट की बुराई नही की, आप ऐसे ही बिना आधार बात कर रहे है।

Deputy Speaker: Please resume your seat.

श्री गिरी ा चन्द्र जो ीः सरकार ने ड्रिकिंग वाटर और हरिजन बस्तियो के बारे मे तस्वीर रखी है कि सरकार क्या करने जा रही है, यह सब सो ाल वैल्फेयर मिनिस्टर ने बताया है। चौपाले बनाने के लिए सरकार ने ग्रांट दी है। मैंने पांच हरिजन चौपाले तैयार करवाई है और हर एम.एल.ए. करवा रहा है। अगर ये नही करवा सकते तो यह इनकी कमजोरी है। सरकार के पास ग्रांट है उसको लेकर करवा ले। अगर आप ग्रांट लेकर उसका उचित प्रयोंग नही कर सकते और खुर्दबुर्द कर देते है तो उसके

लिए सरकार जिम्मेवार नही है। हरिजनो को पीने का पानी देने के सिलसिले मे हम मानते है कि हरिजनो को तकलीफ है, पानी का प्रबन्ध होना चाहिए, लेकिन जब तक हमारे पास आंकड़े न हो कि क्या होना चाहिए, कित बुनियाद पर होना चाहिए, पानी न मिलने के क्या रिजन है, उनकी क्या दिक्कते है तब तक कोई कदम उठाया नही जा सकता और यह कमेटी इसी मकसद के लिए बनाई गई थी। मैं इससे ज्यादा इस रिपोर्ट पर नही बोलना चाहता और कमेटी ने जो कुछ किया है वह बहुत अच्छे तरीके से किया है।

चौधरी चांद राम (बबैन अनुसूचित जाति): डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं समझता हूं कि हरिजनों की भलाई करने के लिए गवर्नमैंट नाकामयाब रही है। जो डयूटी कमेटी को आयद थी, उसके आंकड़े इस रिपोर्ट मे दिए है। मैं इन आंकड़ों को पढ़ने मैं हाउस का टाईम जाया नही करना चाहता, लेकिन मै समझता हूं कि जो सुझाव इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट मे दिए है, कम से कम गवर्नमैंट उन सुझावों को जरूर मान लेगी, क्योंकि इस कमेटी के चेयरमैन राव निहाल सिंह है, जो मेरे दोस्त है, कांग्रेस के प्रधान है। इस कमेटी के मैंबरों मे से एक मैंबर चौधरी पीर चंद को छोड़कर बाकी 8 मैंबर जो हे, वे या तो भाासक पार्टी के है, या भाासक दल के समर्थक है। अगर ये सिफारि ाात माल ली जाएं, तो मैं समझता हूं कि इस कमेटी के बनने का जो मन ाा था, वह रिपोर्ट हो जाएगा। भाडयूल्ड कास्टस के बारे मे जहां तक इस कमेटी ने रिपोर्ट दी है, वह रिपोर्ट एक तरह से गवर्नमैंट के ऊपर

नो–कन्फीडैंस है। जहां तक भाडयूल्ड कास्टस की वैल्फेयर का ताल्लुक है, जैसा कि उन्होने कहा कि यह निर्णय पहली गवर्नमैंट ने भी नही लिया था, यह ठीक है, लेकिन अगर नही लिया था, तो यह हमारे खून मे कमी है, हमारे सिस्टम मे कमी है, क्योंकि पिछले 27 सालों से हरिजनो के लिए कांस्टीच्यू ान मे प्रोवीजन है, प्रिएम्बल मे लिखा हुआ है कि सब को समानता देंगे, वीकर सैक ान के लिए यह करेंगे, वह करेंगे खोस तौर पर नौकरियों के बारे मे लिखा है कि वि ोश कदम उठाए जाएंगे और आबादी के लिहाज से नौकरियों की परसैंटेज पूरी करेंगे। डिप्टी स्पीकर सहिबा, आप हैरान होंगी कि रिजर्वे ान आफ प्रमो ान का मामला था। 12–9–63 को ज्वांयट पंजाब मे पंजाब गवर्नमैंट ने एक हुक्म किया था, बड़ा डिटेल्ड आर्डर था जिस मे यह लिखा था कि पहली वकेंसी भाडयूल्उ कास्ट को दीी जाएगी। प्रमो ान मे क्लास (I) क्लास (II) क्लास (III) और क्लास (IV) मे जो प्रमो ान होगी, उसमे पहली वकैंसी भाडयूल्ड कास्ट को दी जाएगी। कुदरती बात है कि इस आर्डर से कुछ भाई ऐग्रीव्ड हुए और उन्होंने हाई कोर्ट मे अपील कर दी, तो वह हुक्म रद्द होने से जो ऐम्प्लाई अफैक्टिड था, जिसके लिखाफ यह फैसला हुआ, वह हरियाणा मे ऐलोकेट हो गया। हरियाणा गवर्नमैंट 12.9.63 के हुक्म को वैलिड करवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट चली गई और सुप्रीम कोर्ट ने 18.12. 1970 को फैसला दिया कि पहली वकेंसी भाडयूल्ड कास्ट को दी जा सकती इसमे कोई अनकांस्टीच्यू ानल बात नही है, गैर कानूनी बात नही है। इसमे यह भी लिखा है कि क्लास (I) औरक्लास (II)

मै reservation in promotion देनी चाहिए। 12.9.63 का आर्डर हैं यह आर्डर वैलिड करार दिया गया है, परन्तु यह सरकार मानने के लिए तैयार नही। अजीब बात है। हरियाणा गवर्नमैंट की अपील सुप्रीम कोर्ट मे हाई कोर्ट चण्डीगढ़ के खिलाफ एक्सैप्ट होता है, मंजूर हाती है, लेकिन हरियाणा गवर्नमैंअ ने आज तक उस 12.9. 63 के हुक्म को बहाल नही किया, रेस्टोर नही किया, हालांकि यहां सदन मे गवर्नमैंट बार बार यह कहती रही है कि हम क्लास (I) और क्लास (II) मे रिजर्वे ान करेंगे। दूसरे मैंबर भी हरिजनों के वोट लेकर आते है। कांस्टीच्यु ान की भापथ खाते है कि कांस्टीच्यु ान के फेथफुल रहेंगे। तो जो गवर्नमैंट सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मानने को तैयार नही हो, वह गवर्नमैंट नही रहनी चाहिए। वह गवर्नमैंट रहने के काबिल नही हैं आप अन्दाजा लगाइए 18.12.70 से जंजाब मे हुक्म लागू कर दिए। पिछली तारीख से लागू किए है। जब यहां पंजाब मे 1966 मे श्री धर्मवीर गवर्नर थे, तो उन्होंने 12.9.63 के आर्डर को विद होल्ड किया था। उस वक्त राश्ट्रपति राज था, और हरियाणा और पंजाब का बंटवारा हो रहा था। श्री धर्मबीर गवर्नर पापुलर गवर्नमैंट के फैसले को कैसे रद्द कर सकते है, चाहे वे राश्ट्रपति की नुमाइंदगी करते है? इस आर्डर की फाईल मौजूद है, तो वे इसको चेंज नही कर सकते, यह फैसला पापुलर गवर्नमैंट का है। एक आदमी, जो राश्ट्रपति का एजैंट है, वह भी नही कर सकतां इसके बाद हरियाणा पंजाब बन गया। हम यहां हरियाणा मे आए, फिर दोबारा फैसल ा किया गया। ब्यूरोक्रेसीकी वजह से यह फैसला इम्पलीमैंट

नही हो सका। सैंट्रल गवर्नमैंट ने क्लास (I) मे रिजर्वे ान बहाल कर दी है। आज सैंट्रल गवर्नमैंट मे पहली बकैंसी हरिजनों को दी गई है। क्लास (I) मे प्रमो ान मे रिजर्वे ान है, लेकिन हरियाणा गवर्नमैंट ने क्या किया है? सैंट्रल गवर्नमैंट की हिदायत होने के बावजूद भी, नही मानते। मैंने एक सवाल पूछा था, उस सवाल के जवाब मे कहा गया कि हमारे कोई ऐसी हिदायत नही है। सैंट्रल गवर्नमैंट के सरकुलर आते है। बुकलैंट छपी हुई है, सर्विसिज के मामले मे। जहां पर बार बार यह किया जा रहा है वहां कैसे उनकी भलाई हो कसती है। यहां एक लफ्ज लिख दिया जाता है कि सिनियारिटी कम फिटनैस के हिसाब से प्रमो ान होगी। यह एक लीगल फ्ला है। यह एक चाल है। जिस प्रकार लैंडलैस, भूमि सुधार कानून मे कोई छिद्र छोड़ दिया गया, इसी तरह से हमारी रिक्रूटिंग म ाीनरी की ओर से कोई उम्मीद नही की जा सकती है। किसी ने किसी का हक काटा जाएगा और किसी को दिया जाएगा। ऐसी म ाीनरी पर कैसे छोड़ा जा सकता है? इलैक्टिड रेप्रिजैंटैटिव पर यह छोड़ना चाहिए। 17.12.1973 को जब हरिजन संघर्श समिति ने एजीटे ान बन्द की, तो चीफ मिनिस्टर साहब ने अंग्रेजी मे स्टेटमैंअ जारी की। उसके लास्ट पैरे मे ये लफ्ज है–

"In addition to this, the Chief Minister will appoint an ad-hoc Committee to study and formulate measures for establishment of letter understanding (amongst all) on matters referred to in the memorandum earlier submitted to the Chief Minister by the haryana Harijan Sangarash Samiti."

17.12.73 को जो उन्होंने स्टैटमैंट दी उसमे नौकरियों मे हरिजनो को रिजर्वे ान की भी मांग थी। इसमे जमीन के मामले मे, हरिजनों की मजदूरी आदि के बारे मे कुल मिला करके दस मांगे थी। एक कमेटी बनाई गई थी, और उसके चेयरमैंन चौधरी फूल चंद है। फिर इस कमेटी से दूसरीकमेटी को वह मामला रैफर हुआ। उसकमेटी ने कुछ रिपोर्ट दे दी, कुछ नही दी। लेकिन आज यह रिपोर्ट हमारे सामने हैं डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं यह कहना चाहता हूं कि रिक्रूटिंग एजेंसी का, चाहे वे अफसर है, चाहे एस.एस.एस. बोर्ड है, चाहे पब्लिक सर्विस कमी ान है, यह फर्ज है कि हरिजनो को पूरी रिजर्वे ान मिले। पब्लिक सर्विस कमी ान की रिपोर्ट आपके पास हैं 180—190 पोस्टस रिजर्व की गई। उसमे से दस पोस्टस हरिजनों को मिली है। कमी ान केवल 10 पोस्टस दे सका। तो इससे आप अन्दाजा लगाइए कि हरिजनों को किस तरह से पूरी नौकरियां मिलेंगी? जो रिक्रूटिंग अफसर है या प्रमो ान देने वाले है, जब तक वे पीनेलाईज नही होंगे, उनके खिलाफ एक ान नही लेंगे, यह उन को सजा नही देंगे तब तक पूरी रिजर्वे ान नही मिल सकती।

पुलिस डिपार्टमैंट ने लिखा है कि हरिजन उम्मीद्वार सिपाही अवेलेबल नही है। डिप्टी स्पीकर साहिबा मैं इसमे चैलेंज की बात नही करता, लेकिन मैं नम्र निवेदन करना चाहता हूं कि आप सात दिन का नोटिस निकाल दीजिए, आप कितने ही हरिजन लड़के ले लीजिएं आपको हजारे लड़के मिलेंगे। हजारों लड़के

बेरोजगार फिरते है। देखना तो यह है कि रिक्रूट करने वाले आपके अफसर भी ठीक है या नही।

जींद के एस.पी. ने पुलिस में 17–18 सिपाही भर्ती किए, लेकिन हरिजन लड़का एक भी नही लिया। यह लिखकर भेज दिया कि मेरे पास एक भी हरिजन लड़का नही आयां जब तक अफसरो को डर नही होगा, उनको ऊपर से यह हिदायत नही होगी, तब तक परसैंटेज पूरी नही हो सकती। कमेटी ने खुद लिखा है कि जब डिपार्टमैंट वाले देते हैं जैसे 100 स्वीपर ले लिए, तो 22 हरिजन दिखा देते है और कहते है कि 122 हरिजन ले लिए हैं यह कितना मजाक है। जख्मों पर नमक छिड़कने वाली बात है। क्या आज कोई ब्राह्मण, खत्री, जाट स्वीपर का काम करने के लिए तैयार है? क्या एक घंटे भर के लिए तैयार है? कोई नही करेगा। कोई घंटे भर के लिए इस गंद को उठाने के लिए तैयार नही है? कोई तैयार नही होगा।

श्री गिरी ा चंद्र जो ीः On a pointof order, Madam,क्या स्वीपर की पोस्ट कोई रामदासिया लेने को तैयार है?

चौधरी चांद रामः डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं उस दिन का स्वागत करूंगा जब स्वीकर का काम कोई ब्राह्मण या जो ी साहब का कोई रि तेदार करने के लिए तैयार होगा मुझे उस दिन बड़ी खु ी होगी। उस दिन स्वीपर की तनखाह 100 रूपए नही होगी। तो 500 रूपए और हजार रूपए स्वीपर की तनख्वाह होगी।

आप हैरान होंगे कि इस हाउस मे बार बार यह कहा गया कि चमार को धानक को हक ज्यादा मिल गए।

उपाध्यक्षाः आपका टाईम हो गया।

चौधरी चांद रामः मैं आपसे रिजर्वे ान के बारे मे अर्ज कर रहा था। मैं इस गवर्नमैंट से कहना चाहता हूं कि एच.सी.एस. जुडि ियरी मे जो सब जज इस साल भर्ती किए गए उनमे कोई हरिजन जुडि ियरी मे नही आया। आप देखिए कमी ान के अंदर कोई भी मैंबर नही है। पहले परिजन लड़कों को पास होने के लिए 35 परसैंट नंबर लेने पड़ते थे। फिर इन्होने 45 परसैंट कर दिये। यानी यह फैसला किया गया कि मिनिमम 45 परसैंट मार्क्स होने चाहिए। फिर इंटरव्यू के टाईम पर 55 परसैंट करांए कि वह भी सिलैक्ट नही हुआ। जुडि ियरी मे कोई हरिजन लड़का नही लिया गया। वाल्मीकियों के साथ भी ऐसा ही करते है। वाल्मीकि अफसर का केस मौजूद है, जिसको 55 साल की उर्म मे रिटायर किया गया।

उपाध्यक्षाः आपका टाईम हो गया।

चौधरी चांद रामः अच्छा जी, अब मैं खत्म ही कर रहा हूं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह कमेटी, महज यह देखने के लिए बनाई गई थी कि हरिजनों को आर्थिक स्थिति कैसे ऊपर उठाई जा सकती है, सर्विसिज मे उनके वकार को कैसे कायम रखा जा

सकता है और रिक्रूटमैंट मे उनकी परसैंटेज कैसे पूरी हो सकती है। – (घंटी)– अच्छा जी, मैं बैठ जाता हूं।

श्री अमर सिंहः डिप्टी स्पीकर साहिबा, हाउस के सामने रिपोर्ट आफ दी कमेटी आन दी वैल्फेयर आफ भाडयूल्ड कास्टस एंउ भाडयूल्ड ट्राईब्ज अंडर डिस्क ान है और इसके बारे मे बहुत सारी बाते हाउस मे आई है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, जहां तक कमेटी के चेयरमैंन का सवाल है, मैंबरान का सवाल है, यह नौ मैंबरो की कमेटी थी, जो आज से दो साल पहले बनी थी।

सारी बातों की छानबीन करके फिर गवर्नमैंट को यह कमेटी रिपोर्ट करे और टाईम बाउन्उ प्रोग्राम बनाकर सरकार को हरिजनों को अप–लिफ्ट करने के लिये कहे ताकि उनकी आर्थिक हालात को सुधारा जाये, इस कमेटी का मं ाा यह था। डिप्टी स्पीकर साहिबा, जहां तक कमेटी का ताल्लुक है, फर्स्ट रिपोर्ट मे इसने डिपार्टमैंटस को ऐग्जामिन किया है ट्रान्सपोर्ट और ऐजुके ान। सैकंड रिपोर्ट मे भी पुलिस और रैवेन्यू, दो डिपार्टमैंटस को ऐग्जामिन किया है। इस कमेटी ने अब तक दो साल मे सिर्फ चार डिपार्टमैंटस को ही ऐग्जामिन किया है। मेरी सबमि ान यह है कि मुझे इस कमेटी की इंटेग्रिटी पर कोइ भाक नही है कि यह कमेटी हरिजनों की मदद मे न हो या चेयरमैन साहब किसी तरह कोई लैकूना छोड़े, बल्कि हमे पूरी आ ाा है और पूरी उम्मीद है कि वे पूरी छानबीन के साथ इस कमेटी के काम को मुकम्मल करेंगे। मेरी अर्ज यह है कि इसकी काम की

रफ्तार ढीली है। रफ्तार तेज होनी चाहिए ताकि सारे डिपार्टमैंट को ऐग्जामिन करने के बाद एक खाका हाउस के सामने आये कि इस तरह की हरिजनों की प्रौब्लम्ज है और उन प्रौब्लम्ज को इस ढंग से हल किया जा सकता है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, इसमे कोर्ठ दो राय नही है कि हरिजनों में से चौधरी चांद राम जी काफी पावर मे रहे है। हमे चौधरी चांद राम जी का जिक्र करते हुए बड़ी खु ाी है। हरिजनों के मसलों पर वे अब तो ज्यादा जोर दे रहे है लेकिन उस वक्त जब हम इनसे मिलते थे तो इनसे यही कहते थे कि जब तक हरिजनों की अप–लिफ्ट के लिये टाईम बाउंड प्रोग्राम नही बनाया जाता, उस वक्त तक हमारी प्रौब्लम हल नही हो सकती। मैं इस बारे मे इस हद तक जाने के लिये भी तैयार हूं कि हरिजनों को सर्विसिज मे जो परसैंटेज देनी है, उस परसैंटेज को पूरा करने के बार, हरिजनों को सर्विसिज मे जो परसैंटेज देनी है, उस परसैंटेज को पूरा करने के बाद, हरिजनों की हालत को सुधारने के बाद अगर रिजर्वे ान को खत्म भी कर दिया जये तो इसमे कोई एतराज नही है। हमारे माथे पर एक कलंक लगा हुआ है। आज हर देहाती और हर भाहरी यह कहता है कि हरिजनों की तरक्की हो रही है। मैं समझता हूं कि इनकी अप–लिफ्ट के लिये एक टाईम बाउंड प्रोग्राम बनना चाहिए। हरियाणा मे जो हरिजनों की हालत है, वह बाकी सूबों के हरिजनो की हालत से कुछ ठीक है। वहां तो हालत और भी बदतर हैं आप राजस्थान मे देखिए यू.पी. मे देखिये, उड़ीसा मे देखिये, बिहार मे देखिये। मैंने काफी स्टेटस मे घूम कर देखा है। यहां के हरिजन

तो फिर भी उसके कुछ सम्मानित है और सम्मान से आ जा सकते हैं कोई उनको चैंलेंज नही कर सकता। उनकी आर्थिक हालत दूसरे सूबो के मुकाबले मे कुछ ठीक है लेकिन उतनी अच्छी नही है। इस लिये मेरा इस कमेटी के चेयरमैन को सऔर सरकार को यह सुझाव है कि एक टाईम बाउंड प्रोग्राम बनाकर इनकी आर्थिक हालत को सुधारा जाये। जमीन पर तो सिर्फ लड़ने वाली बात रह गयी है। जो जमीन का नाम लेकर उनको साथ रखता है चाहे वह हरिजन लीडर है या कोई है, इस तरह से तो उनको पीछे धकेलने वाली बात है। सरकार से हम यह चखहते है कि जो फालतू जमीन पड़ी हुई है, चाहे वह कस्टोडियन की जमीन है, पी.डब्ल्यू.डी. की या इरीगे ान की या जो लैंड सीलिंग ऐक्ट के तहत सरप्लस जमीन आयेगी, उसको एक प्रोग्राम बनाकर जल्दी से जल्दी बांटा जाये ताकि जमीन वाला मसला भी हल हो जाये। डिप्टी स्पीकर साहिबा, हरिजनो की आर्थिक हालत कैसे सुधर सकती है, इसके बारे मे मेरा एक सुझाव है। लोअर सरकल के अन्दर जहां कहीं भी हरिजनों की सोसाइटियां बनी, वह फेल हुई। इसलिये मेरी यह गुजारि ा है कि स्माल भौड बनाकर, स्माल यूनिट बनाकर, जैसे फाईनैंि ायल कारपोरे ान स्माल यूनिटस जो गांव गांव मे हरिजनों के बने, उनको चलाने के लिये मार्किटिंग का इंतजाम करे, उनके सैंटर भाहरों मे खोले जाये ताकि सब लोगो को काम मिल सके। इसी आधार पर सरकार ने कई जगह काम भुरू किया है, गरीब को थोड़ा सा ऊपर लाना चाहते है और अमीर को थोड़ा सा नीचे के स्तर पर लाना चाहते है ताकि बीच मे लाकर एक ऐसा

रास्ता बन जाये जो समाजवाद का रास्ता हो। समाजवार के लिये गरीबी को हटाया जाये। गरीबी भी तभी हट सकती है जब हर गरीब आदमी को काम मिलेगा। जब तक काम नही मिलेगा, मह बेरोजगार रहेगा। जब तक वह बेरोजगार रहेगा, गरीबी बनी रहेगी, गरीबी दूर नही हो सकती। इसलिये मेरी आपके द्वारा यह गुजारि ा है कि आर्थिक हालत सुधारने के लिये स्माल यूनिटस बनाकर हरिजनों को काम दिया जाये ताकि उनकी हालत सुधर जाये। जहां तक रिक्रूटमैंट का सवाल है, यह ठीक है कि कुछ आई.ए.एस., आई.पी.एस. हरियाणा मे है लेकिन इस कमेटी ने जो पुलिस और रैवैन्यू डिपार्टमैंटस ऐग्जामिन किये है, उनकी कोई बड़ी साउंड फिगर्ज रे ाो की नही है। इस की रिपोर्ट के पेज दो पर बहुत सारी कैटेगरीज की फिगर्ज दी हुई है। क्लास II क्लास III और क्लास IV मे भी रिजर्वे ान पूरी नही है। इस बारे मे गवर्नमैंट की तरफ से हिदायतें जारी हो। ताकि जो भी डिपार्टमैंट एग्जामिन हुए है वे ती, चार या छः महीने के अन्दर उनकी टोटल रिक्रूटमैंट करके डैफि ान्सी को पूरा करे। स्पीकर साहब, एक दफा ज्वांयट पंजाब मे स्वीपर्ज की तनख्वाह बढ़ाने के लिए एक बिल जेरे बहस था। (घंटी) मैं सिर्फ एक या दो मिनट और दूंगा। उनकी तनख्वाह 80 रूपए थी ओर 10 रूपये और बढ़ाने की बात थी। लेट ऐक्स–चीफ मिनिस्टर सरदार लछमन सिंह गिल उस समय डिप्टी लीडर आफ अपोजी ान होते थे। उस वक्त उन्होंने उसकी अपोजी ान की कि किसी स्वीपर की तनख्वाह न बढ़ायी जाये क्योंकि एक स्वीपर के घर मे चार मैंबर होते ह। चारो मैंबरों

को अस्सी अस्सी रूपये मिलते है इसलिये उनकी तनख्वाह नही बढ़ायी जानी चाहिए। उनहोंने इस तरह से उस बिल का विरोध किया था। स्पीकर साह, मैंने उस वक्त जवाब दिया था। किसी भी कास्ट हिन्दू को जो उस वक्त मैंबर होता था, 300 रूपये मिलते थे, मैंने उन्हें यह चैलेंज किया था ऑन दी फ्लोर आफ दी हाउस कि अगर सरदार लछमन सिंह गिल की फैमिली का कोई भी मैंबर स्वीपर का काम करने के लिये तैयार हो तो जो मुझे तीन सौ रूपये मिलते है, मेरा कोई सोर्स ाअफ इंकम नही है, वह उस को दे दिए जाएं, इसके बारे मे मैं स्पीकर को लिखकर दे दूंगा। वह स्वीपर का काम करके देखे। यह ऐसा घृणात्मक काम है जो स्वीपर करता है कि उसे दूसरा कोई कर नही सकता। आज के जमाने से पहले कबीर और संत रविदास के जमाने मे जो हरिजनों की स्थिति थी, वह तो आ नही सकती। आज के युग मे पैदा हुआ व्यक्ति इन बातो मे यकीन नही रख सकता और न ही वह इन बातो को सच मान सकसता है। लेकिन आर्थिक हालत को सुधारने के लिये कोई न कोई कंस्ट्रक्टिव काम करना होगा। इसलिये मेरी गुजारि ा यह है, आपके द्वारा कमेटी के चेयरमैन साहब से ओर सरकार से कि इस ओर अधिकर ध्यान दिया जाये औरटाईम बाउंड प्रोग्राम बनाकर उनकी हालत मे सुधार किया जाये, जैसे हरिजनों को प्लाटस देने की बात हैं जिन फैमिलीज के पास प्लाट नही है, गांव गांव मे सक्रूटिनी कराकर, एक टाईम बाउन्ड प्रोग्राम अनाकर उन्हे जल्दी से जल्दी प्लाट दिये जाये। उनकी हालत सुधारने के लिए काम धन्धा दिया जाये और सर्विसिज मे सिक्योर किया जाए।

यही मेरी सबमि ान है और इससे सरकार मजबूत होगी क्योकि यह ऐसा वर्ग है जो यह चाहता है कि जो समाजवादी ढांचा खुर्दबुर्द करने के लिये, हरिजनों की भलाई के लिये तरह तरह से नारे लगाते है, हरिजनो को बहकाने की बाते करते है उससे हरिजनों को नुक्सान होगा। (घंटी) हरिजनों के लिये जो प्रेजैंट डैमोक्रेटिक सैट–अप है इससे ज्यादा अच्छा सैट–अप नही हो सकता। जो बैकवर्ड क्लासिज है, जो डाउन–ट्रौडन है, सरकार ने कोई त्रुटि है। इन सब बातेा को ध्यान मे रखकर सारी बातो को एग्जामिन किया जाए और फिर एक डिटेल्ड रिपोर्ट आए और उसके बाद उसको जल्दी से जल्दी इम्पलीमैंट किया जाए। धन्यवाद।

समाज कल्याण मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, सदन मे हरिजनों की भलाई के बारे मे चर्चा हो रही है। सरकार ने इस बात को महसूस किया कि हरिजनों की आर्थिक हालत को सुधारा जाए। हरिजनों की भलाई किस तरह से हो सकती है और हरिजनों और बैकवर्ड क्लासिज के जो लोग है उनको किस तरह से ऊंचा उठाया जाए। इसी बात को मद्देनजर रखकर एक कमेटी बनाई गई और उस कमेटी ने जो रिपोर्ट सरकार को दी है, सरकार इसके ऊपर हर बात को बहुत गहराई से सोचेगी और जो भी ठीक बात होगी उसको इम्पलीमैंट करने की पूरी कोि ा ा करेगी। कुछेक सदस्यों ने ठीक बाते कही है। श्री अमर सिंह जी ने ठीक बात कही है लेकिन चौधरी दल सिंह

कुछ और तरीके से बात कह गए कि हरिजनों की हालत जो आज से 27 साल पहले थी वही आज है। यह उन्होंने गैर जिम्मेदाराना बात कही है। आई.ए.एस., आई.पी.एस. अफसरों की बात तो दूर रही, कोई हैड कांस्टेबल भी मुि कल से दिखाई देता था। आज सर्विसिज के अन्दर सरकार ने हर जगह पूरे स्थानों पर हरिजनों के लिये रिजर्वे ान दी है और बहुत कुछ हरिजनों के लिए किया है लेकिन अभी भी हम महसूस करते है कि जितना होना चाहिए उतना नही हो पाया है और उसके लिए हम भरसक प्रयत्न करेंगे कि कमेटी ने जो रिपोर्ट दी है इसमे जो अच्छे सुझाव दिए है, उनको जल्दी ही इम्पलीमैंट करने का प्रयत्न करेंगे। लेकिन मैं सदन को बताना चाहता हूं कि कुछेक सदस्यों ने जैसे चौधरी चांद राम ने हरिजनों को जमीन देने की बात कही है कि हरिजनों को जमीन देकर उनकी आर्थिक हालत को सुधारा जाए। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि यह उनकी मुनासिब बात नही है क्योंकि प्रान्त के अन्दर उतनी जमीन नही है कि सब हरिजनों को का त के लिए जमीन मिल सके। हरिजनों को अपने रोजगार की तरफ और धंधो की तरफ ध्यान देना होगा तभी उनकी हालत मे सुधार आ सकता है। उसके लिए सरकार ने हरिजन कल्याण निगम की स्थापना की हैं हरियाणा फाइनैं ाल कारपोरे ान बनाई गई है। जिन बैंकों का राश्ट्रीयकरण किया गया है वे भी कर्जा देते है। इसलिए मेरा कहना है कि हरिजनों को अपने दूसरे धंधो की तरफ ध्यान देना चाहिए। जमीन सरकार के पास कम है और आठ दस साल के बाद जिन लोगो के पास धरती है उन लोगो के लिए भी

